तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 ऑटो, चार पहिया वाहन बुक कर पहुंचे धरना में शामिल होने



खबर संक्षेप

पुलिस विभाग में फिर हुआ तबादला

कोरबा। पुलिस विभाग में कसावट लाने के लिए आधा दर्जन पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों का पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने तबादला किया है। जिसमें निरीक्षक रामकुमार साव को रक्षित केन्द्र से बांकीमोंगरा, सउनि चंद्रशेखर वैष्णव बांकीमोंगरा से कोतवाली, सउनि चक्रधर राठौर कोतवाली से बांकीमोंगरा, प्रधान आरक्षक संखधर जायसवाल चैतमा से उरगा, रामू कुर्मी उरगा से चैतमा, महिला आरक्षक उपासना कुमारी हरदीबाजार बांकीमोंगरा, गिरजा जायसवाल बांकीमोंगरा से हरदीबाजार, आरक्षक अशोक खरे को थाना पाली से एक माह के लिए दीपका में संबद्ध किया गया है।

यूथ पार्लियामेंट का आयोजन 3 नवंबर को

कोरबा। युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत कोरबा द्वारा 3 नवंबर को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में युवा प्रतिभागियों को देश की चुनावी व्यवस्था, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। वे इस विषय के संभावित लाभ, चुनौतियों, संवैधानिक पहलुओं और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर इसके प्रभावों पर चर्चा करेंगे।

साहिल का ईस्ट ज़ोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन



हरदीबाजार। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग जिलों से 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें हरदीबाजार निवासी विजय राठौर के पुत्र साहिल राठौर का चयन हुआ है। हरदीबाजार की ओर से सेंटर ब्लॉकर कोरबा सेक्टर से अंतर राज्य स्तरीय जिला तिल्दा नेउरा में 14 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्राम्य भारती महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले साहिल राठौर का चयन ईस्ट जोन अंतर्गत विश्वविद्यालय अटल बिहारी विश्वविद्यालय में हुआ है। एडम्स यूनिवर्सिटी वेस्ट बंगाल में 27 अक्टूबर को बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

सीएम को गुरु घासीदास जयंती में शामिल होने किया आमंत्रित

कोरबा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में कोरबा सतनामी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य जयंती समारोह में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। जयंती समारोह के अवसर पर टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन की विधायक निधि से 64 लाख रुपये की लागत से निर्मित विशाल डोम का लोकार्पण भी किया जाएगा। इस डोम के निर्माण से सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए समाज को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय, जिला अध्यक्ष राजेश लहरे, समिति के सचिव आर.डी. भारद्वाज, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी पाटले, डॉ. के. लहरे एवं श्रीमती सुकृता कुर्रे सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

उपभोक्ताओं के घरों में फ्री लगेगा 2 किलोवाट तक का सोलर रूफटॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली उपभोक्ताओं को अब हर महीने भारी-भरकम बिजली बिल से राहत मिलने जा रही है। विद्युत विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। योजना के तहत 2 किलोवाट तक क्षमता वाले सोलर रूफटॉप वेंडरों द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में बिल्कुल फ्री लगाए जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

योजना की खास बात यह है कि 2 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगाने का पूरा खर्च सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी राशि से ही कवर हो जाएगा। उपभोक्ताओं को अपनी जेब से कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी होगी, जो भी सब्सिडी मिलेगी वही राशि वेंडर को भुगतान की जाएगी। 2 किलोवाट तक सोलर रूफटॉप लगवाने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के आवेदन और पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होती जाएगी, प्राथमिकता के आधार पर वेंडरों द्वारा घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप लगाने का काम तेजी से किया जाएगा। सोलर रूफटॉप लगने से उपभोक्ताओं को हर महीने लगभग 200 से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। इससे न केवल लोगों के मासिक बिजली बिल में सीधी बचत होगी, बल्कि वे अपनी जरूरत से अतिरिक्त बनने वाली बिजली को वापस ग्रिड में भेजकर वित्तीय लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

विभाग के पोर्टल पर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

खास बातें

- जो सब्सिडी राशि मिलेगी वहीं वेंडर का होगा भुगतान
- हर महीने 200 से 300 यूनिट बिजली का मिलेगा लाभ



अनुदान की राशि से लगेगा 2 किलोवाट का रूफटॉप

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 2 किलोवाट क्षमता के घरेलू एवं बीपीएल उपभोक्ताओं हेतु सौर ऊर्जा पैनल का स्थापना का कार्य सरकारी अनुदान राशि 90,000 रुपए में किया जाना है। जिन उपभोक्ताओं के यहां मासिक विद्युत खपत 200 यूनिट के आसपास है वे अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

-कृष्ण चंद जोशी,
सहायक अभियंता, पाड़ीमार जोन

तौलीपाली, कलगामार, मदवानी और कोलगा-बताती सहित अन्य गांव के ग्रामीण आमसभा में हुए शामिल

कोल ब्लॉक नीलामी के विरोध में 13 गांव के ग्रामीण हुए लामबंद, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तौलीपाली, कलगामार, मदवानी और कोलगा-बताती कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया के विरोध में 13 गांवों के ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। मंगलवार को प्रभावित क्षेत्र के कलगामार गांव में आयोजित आमसभा में सैकड़ों ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर कोल ब्लॉक नीलामी का विरोध किया।

खास बात

- सभी कोल ब्लाक निरस्त करने सहित अन्य प्रस्ताव पारित



प्रदर्शन के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

जानकारी के अनुसार तौलीपाली कलगामार, मदवानी और कोलगा-बताती कोल ब्लॉक की नीलामी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ये चारों कोल ब्लॉक घने जंगल, जैव विविधता और आदिवासी जीवन का आधार हैं। नए कोल ब्लाक नीलामी होने से जल, जंगल, जमीन और आजीविका पर संकट आ जाएगा। तौलीपाली, कलगामार, मदवानी, कोलगा, बताती, चंपा, चोरभट्ठी, तराईमार, धोबनीमार अन्य गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। सभा में पेसा कानून और पांचवीं अनुसूची का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि बिना ग्राम सभा की सहमति के किसी भी तरह की नीलामी प्रक्रिया अवैध है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि केंद्र और राज्य सरकार तत्काल चारों कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया निरस्त करे।सभी गांवों में अध्यक्ष एवम सचिव का गठन किया गया। ग्राम सभाओं के अधिकारों का सम्मान किया जाए। सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय बुजुर्गों और महिला ने कहा कि जल जंगल जमीन हमारा है।जिसे हम दूसरे के हाथों में नही जाने देंगे,कोल ब्लॉक खुलने से अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि नीलामी वापस नहीं ली गई तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे सभा के अंत में सभी ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे आखिरी सांस तक जल जंगल और जमीन की रक्षा करेंगे।

कोयला कर्मचारियों के एचआरए में हुई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया और एसईसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों के गैर-अधिकारी कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता (एचआरए) में बढ़ोतरी की गयी है। संशोधित दरें 1 सितंबर से प्रभावी होंगी। इसके तहत एक्स श्रेणी के शहरों में एचआरए मूल वेतन का 24 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत, वाइ श्रेणी में 16 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत और जेड श्रेणी में 8 से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। कर्मचारियों को इसका लाभ मूल वेतन, शहर की श्रेणी और लागू पात्रता नियमों के आधार पर मिलेगा।

खास बात

- 1 सितंबर से लागू होंगी नई दरें

कर्मचारियों का परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) 1 सितंबर से बढ़कर 26.8 प्रतिशत हो गया है। वीडीए के 25 प्रतिशत की निर्धारित सीमा पार करने के बाद राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-11 (एनसीडब्ल्यूए-XI) के प्रावधानों के तहत एचआरए की दरों में संशोधन किया गया है। एचआरए से संबंधित अन्य नियम और शर्तें पहले की तरह लागू रहेंगी। जारी ज्ञापन के अनुसार संशोधित दरों का लाभ निर्धारित नियमों के तहत पात्र वेतन बोर्ड गैर-अधिकारी कर्मचारियों को मिलेगा। आदेश में एनसीडब्ल्यूए-XI के खंड 8.1.3 और 8 दिसंबर 2023 के कार्यान्वयन निर्देश संख्या आठ का हवाला दिया गया है।

पंचायत भवन को खाली कराने पहुंचे तहसीलदार सीईओ, प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए जहां अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, पीसी मशीन, पुलिस बल, सीआईएसएफ के भारी दल-बल के साथ हास्पिटल भवन, पटवारी कार्यालय, छात्रावास, आंगनबाड़ी भवन सहित लगभग 10 भवनों को पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के भारी विरोध के बीच जमींदोज कर दिया गया जिसकी काफी विरोध एसईसीएल दीपका प्रबंधन की हुई थी। अब उस पूरे एरिया की खोदाई कर खदान में ब्लास्टिंग किया जा रहा है। जिससे आस-पास के रहने वाले घना आबादी वाला क्षेत्र होने के कारण अब रहवासियों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है।

मंगलवार को सुबह 8 बजे हरदीबाजार तहसीलदार अमित केरकेटा,पाली सीईओ कमलकांत श्रीवास हरदीबाजार पंचायत भवन को माइनिंग के नजदीक व जर्जर भवन होने का हवाला देकर समरसता भवन जो तहसील के पीछे स्थित है, में शिफ्ट करने पहुंच गए। जब इसकी जानकारी सरपंच व पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को हुई तो सभी पंचायत भवन पहुंच कर जमकर विरोध किया। समरसता भवन में किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने पर तहसीलदार व सीईओ पाली ने जाकर निरीक्षण किया, निरीक्षण पश्चात खनन प्रबंधन नागेंद्र कुमार साहू को फोन कर पंचायत भवन बुलाकर गया। समरसता भवन को जल्द से जल्द व्यवस्थित करने को कहा तब जाकर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीण का विरोध बंद हुआ, साथ ही भवन को शिफ्ट करने के बाद भी भवन को न तोड़ने, माइनिंग का दायरा न बढ़ाने व पानी के लिए टेंकर व्यवस्था करने की मांग की जिस पर खनन जीएम ने अस्वस्थ किया। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, उपसरपंच श्रीमती रेखा जायसवाल, जनपद प्रतिनिधि अनिल टंडन, श्यामू जायसवाल, नरेश टंडन, राजेश जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, ममता ओग्रे, मनमोहन खांडे, भानूप्रतापपुर कंवर, राजेन्द्र जगत, प्रेम डिक्सेना, आवेज मेमन सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित थे।



पंचायत भवन को खाली कराने का विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण व जनप्रतिनिधि।

वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा तीर्थ यात्रा का अवसर

कोरबा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले के पात्र हितग्राहियों को देश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा का अवसर मिलेगा। योजना के तहत अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर, वैष्णो माता मंदिर एवं वाघा बॉर्डर की यात्रा 10 से 15 नवंबर तक प्रस्तावित है। बोधगया, सारनाथ और नालंदा की यात्रा 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इन यात्राओं के लिए जिले को 25 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रत्येक यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ 2 अनुरक्षक भी रहेंगे। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 75 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए 25 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के 25 यात्रियों के लक्ष्य में 19 श्रद्धालु जनपद पंचायत क्षेत्रों से तथा 6 श्रद्धालु नगरीय निकाय क्षेत्रों से शामिल किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत करतला से 3, कोरबा से 3, कटघोरा से 3 , जनपद पंचायत पाली और पोड़ी उपरोड़ा से 4-4 श्रद्धालु एवं नगर निगम कोरबा से 6 श्रद्धालु शामिल किए जाएंगे। इस हेतु संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगर निगम के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र व्यक्ति निर्धारित आवेदन प्रपत्र में हिंदी भाषा में आवेदन भरकर दो नवीन पासपोर्ट साइज फोटो देना होगा।

अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश चोरी की 4 मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोटर साइकिल चोरी करने वाले अंतर जिला मोटर साइकिल चोर गिरोह को पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की 4 मोटर साइकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने हीरो शोरूम की छत एवं दरवाजे का ताला तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी करने से लेकर भैसमा बाजार में खड़ी बाइक पार करने तक की वारदातों को अंजाम दिया था।

खास बात

- उरगा पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो मोटर साइकिल सक्ती के नगरदा से की गई बरामद

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में थाना उरगा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उरगा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के दो अलग-अलग प्रकरणों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर उरगा पुलिस टीम ने बरपाली के भट्ठी रोड में घेराबंदी कर संदेही शुभम कुमार कंवर एवं विनय कुमार कंवर, नगरदा निवासी महेन्द्र चौहान पिता अजय चौहान को पकड़ा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने ग्राम तुमान स्थित शांति हीरो एजेंसी से मोटरसाइकिल एवं बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी की मोटरसाइकिल का साइलेंसर निकालकर घर में छिपा दिया था, जबकि बैटरियों को पकड़े जाने के डर से हसदेव नदी के गहरे पानी में फेंक देना बताया। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल एवं उसका साइलेंसर बरामद कर जप्त कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 4 चोरी की मोटरसाइकिलें तथा एक मोटरसाइकिल का साइलेंसर बरामद किया गया है। बरामद मोटरसाइकिलों में दो कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र तथा दो सक्ती जिले के नगरदा थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त मोटर साइकिल।

बीते वर्ष भी मिली थी इतनी ही राशि

बिजली कर्मियों को मिलेगा 12 हजार रुपए बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत बिजली कर्मचारियों को इस वर्ष दीपावली पूर्व दी जाने वाली बोनस राशि का निर्धारण कर दिया गया है। बिजली कर्मियों को इस वर्ष बतौर बोनस 12 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। बिजली कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से बोनस में बढ़ोतरी की मांग की जा रही थी। हालांकि प्रबंधन ने इसमें बढ़ोतरी ना करते हुए बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी 12 हजार रुपए बोनस राशि का निर्धारण किया है।

उल्लेखनीय है कि बोनस भुगतान अधिनियम 1965 एवं तत्संबंध मे किए गए संशोधनों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के ऐसे कर्मियों जिनकी मासिक कुल अर्जित परिलब्धियां (मूलवेतन+महंगाई भत्ता) वित्तीय/लेखा वर्ष 2025-26 में 21 हजार रुपए तक है तो ऐसे कर्मियों को एक माह (30 दिन) का अर्थात उनके कुल अर्जित परिलब्धियां (मूलवेतन+महंगाई भत्ता) का 8.33 प्रतिशत की दर से अधिकतम सीमा 12 हजार रूपये तक बोनस स्वीकृत किया गया है। यदि कर्मी वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ माह की अवधि के लिए ही नियोजित रहते है, तो उसके नियोजन अवधि के अनुपात मे बोनस देय होगी। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के ऐसे कर्मियों जिनकी मासिक कुल अर्जित परिलब्धियां (मूलवेतन+महंगाई भत्ता) वित्तीय/ ⏭शेष पेज 3 पर



बोनस या कर्मचारियों के साथ मजाक

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने विद्युत कंपनी द्वारा दीपावली बोनस के रूप में मात्र 12 हजार रुपए देने के आदेश का विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि एक ओर बालको, एनटीपीसी और एसईसीएल जैसे उद्योगों में कर्मचारियों को लाखों रुपये तक बोनस मिलने की खबरें हैं वहीं विद्युत क्षेत्र में अच्छा लाभ कमाने वाली कंपनी अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को मात्र 12 हजार रुपए देकर उनके साथ न्याय करने का दावा कैसे कर सकती है। 12 हजार रुपए का यह बोनस कर्मचारियों की मेहनत और योगदान के मुकाबले बेहद निराशाजनक है। कंपनी प्रबंधन को कर्मचारियों के सम्मान, मेहनत और अधिकारों को ध्यान में रखते हुए बोनस राशि पर पुनर्विचार करना चाहिए।

डीईओ ने शिक्षक को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जांच उपरांत शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार ज्योति भूषण सिंह कंवर शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व मा.शा. खोडरी पोंड़ी उपरोड़ा के विरूद्ध अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापवाही अनुशासनहीनता, मदिरापान कर शाला में उपस्थित होने, निरीक्षण के दौरान शाला से अनुपस्थित पाये जाने, उच्चाधिकारियों से अभद्र व्यवहार एवं धमकी दिये जाने के कारण ज्योति भूषण सिंह कंवर को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। नोटिस का जवाब कंवर द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। ज्योति भूषण सिंह कंवर का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 की कण्डिका 3 एवं 23 (ख) के विपरीत होने एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा नियम (वर्गीकरण, ⏭शेष पेज 3 पर

खास बात

- अनुशासनहीनता, मदिरापान कर शाला में उपस्थित होने का मामला

खबर संक्षेप



धान खरीदी के लिए नहीं मिल रहा जगह, किसान परेशान

चैतमा। धान खरीदी के लिए जगह का नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार पूर्व में आदिवासी सेवा सहकारी समिति के पास चैतमा में धान खरीदी किया जाता था जहां पर जगह कम होने के कारण पिछले वर्ष ग्राम पंचायत गोपालपुर में धान खरीदी किया गया। इस वर्ष गोपालपुर पंचायत के सरपंच द्वारा प्रस्ताव कर उक्त जगह पर धान नहीं खरीदने की आपत्ति की गई। जिसके चलते सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी गई। उन्होंने अन्यत्र जगह खोजने की बात कही, जिस पर प्रबंधक द्वारा ग्राम पंचायत मांगामार के डोडकट्टा जो मांगामार का आश्रित मोहल्ला है जहां जगह फाइनल किया गया। उक्त जमीन का मांगामार पंचायत को 5 एकड़ का पटटा प्राप्त है उसे जगह को फाइनल किया गया है जहां पर वहां निवासरत कुछ ग्रामीणों द्वारा धान खरीदी केंद्र का विरोध किया जा रहा है। जिससे धान खरीदी केंद्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात रहे कि गांव के प्रत्येक पंचायत में शासकीय भूमि स्थित है किंतु संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण उक्त शासकीय भी भूमि बेजा कब्जा की भेंट चढ़ रही है। यदि संबंधित विभाग की उदासीनता इसी तरह कायम रही तो आने वाले दिनों में शासकीय भवन बनाने अथवा शासकीय कार्य के लिए जगह मिलना मुश्किल हो जाएगा।

अखबार वितरक संघ कटघोरा ने मासूम भव्या को दी श्रद्धांजलि



कटघोरा। कटघोरा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की ओर से कटघोरा न्यू बस स्टैंड में सुबह 6 बजे शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत मासूम को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने इस अमानवीय घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। सदस्यों ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई यह घटना बेहद पीड़ादायक और समाज को झकझोर देने वाली है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषी को कानून के अनुसार कठोरतम सजा मिलनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। शोकसभा में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, सचिव गौरव संरक्षक रोशन दास, आकाश शर्मा,उपाध्यक्ष विजय दास मीडिया प्रभारी अरविंद साहू,राजू श्रीवास ईश्वर दास, मनोज यादव, मनमोहन यादव, विजय डकसेना, प्रिंस यादव,दुर्गा,बॉबी गुप्ता,राजकुमार पटेल, शैलेंद्र कुमार प्रदीप यादव,सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मासूम की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उसे भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

चाकू की नोक पर महिला फारेस्ट गार्ड से ढाई लाख की लूट

सलका-अधिना। देर रात घर में दाखिल हुए नकाबपोश लोगों ने न सिर्फ महिला फारेस्ट गार्ड व उसकी बच्ची के गर्दन पर चाकू अड़ा दिया बल्कि बल पूर्वक लगभग ढाई लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित फारेस्ट गार्ड महिला ने घटना की शिकायत भटगांव पुलिस से की है।जानकारी के अनुसार सलका अधिना के वन विभाग परिसर निवासी महिला फारेस्ट गार्ड बलिता मीन कई वर्षो से शिक्षक पति राधे श्याम व बच्ची के साथ विभाग के भवन में निवासरत हैं। बीती रात दंपति खाना पीना खा कर रात में सो गए। देर रात में अचानक चार नकाबपोश ने घर के मुख्य शटर वाले दरवाजे को डंडा घुसा कर चाबी को निकाला और आराम से घर में प्रवेश किया। रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच घर में दाखिल हुए और महिला फारेस्ट गार्ड व उसकी छोटी बच्ची पर चाकू अड़ाकर धमकी देते हुए पैसे की मांग की साथ ही दंपति के साथ हाथापाई भी की। डर से दंपती द्वारा अलमारी से लगभग ढाई लाख निकाल कर दे दिया गया। रूपए मिलते ही नकाबपोश जाते-जाते दंपति को घर में बंद कर फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही लोगों ने तत्काल भटगांव पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस हरकत में आ गई और रात में ही मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का मुआयना किया। सुबह डॉग स्क्वायड और साइबर सेल की मदद से तफ्तीश की जा रही है। बताया जा रहा है कि लूटपाट में चार नकाबपोश शामिल थे जिसमें 2 पुरुष और 2 महिलाओं की होने की बात सामने आ रही है। दंपति ने बताया कि चार में दो महिला पूरी तरह से अपना स्कार्फ बांधे हुए थे। बहरहाल घटना की शिकायत पर पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले नकाबपोश की तलाश शुरू कर दी है।

उड़ान परियोजना के तहत विद्यार्थियों ने किया अडानी कोरबा पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के छात्र-छात्राओं ने उड़ान परियोजना के तहत अडानी कोरबा पावर प्लांट, पताड़ी-उरगा का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से आयोजित इस एक दिवसीय भ्रमण का मार्गदर्शन विद्यालय के प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर विज्ञान और तकनीक के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। प्राचार्य श्री सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यालय में पढ़े ऊर्जा और विज्ञान के सिद्धांत वास्तविक जीवन में किस प्रकार उपयोग किए जाते हैं। उड़ान

उर्जा और विज्ञान के सिद्धांतों को संयंत्र में प्रत्यक्ष रूप से समझा



परियोजना के भ्रमण प्रभारी अधिकारी प्रेम शंकर साहू ने विद्यार्थियों को बिजली उत्पादन की आधुनिक तकनीक और संयंत्र की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने संयंत्र की विशाल मशीनरी, पाइपलाइन, नियंत्रण कक्ष और आधुनिक कोल हैंडलिंग प्रणाली का अवलोकन किया। उन्हें औद्योगिक परिसर में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों, नियमों के पालन, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, टीमवर्क और अनुशासन के महत्व से भी परिचित कराया गया।

प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने इस पहल के लिए अडानी फाउंडेशन और संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें ऊर्जा, तकनीक एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर के अवसरों को समझने का मौका मिलता है। भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की व्याख्याता सुश्री दिव्या कुजूर, श्रीमती रुक्मणी पुरैना और उमाशंकर टोंडे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन

निगम आयुक्त ने दिलाई अधिकारी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के साकेत भवन परिसर में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारी कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग से दिये गये निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा।

इसी संदर्भ में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को प्रातः 11 बजे अपने कर्तव्यों के प्रति शपथ वाचन कराया। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में एक प्रमुख बाधा रहा है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार नागरिक और निजी क्षेत्र जैसे सभी हितधारकों को



शपथ लेते निगम के अधिकारी कर्मचारी।

मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मैं समझता/समझती हूँ कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना चाहिए और हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सहयोग देना चाहिए। इसलिए, मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ, जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और कानून के शासन का पालन करना, न तो रिश्वत लेना और न ही रिश्वत देना, सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता से करना, जनहित में कार्य करना, व्यक्तिगत व्यवहार में सत्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करना, भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की सूचना उचित एजेंसी को देना। इस अवसर पर लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, कार्यालय अधीक्षक श्रीरामसिंह नेताम, रामकृष्ण सोनी, सहायक लेखाधिकारी अरविंद वानखेडे, सहा.कार्यालय अधीक्षक उत्तम साहू, रघुराम यादव, सुमित गुप्ता, सहायक संपदा अधिकारी भावेश यादव, हेमंत गभेल, शांतिलाल सोनी, सरस देवांगन, अरूण मिश्रा, अरविंद पाण्डेय, अरविंद सिंह, आनंद दुबे, अजय शुक्ला, दिवाकांत जायसवाल, परमेश्वर शर्मा, कृष्णादास महंत, सुभाषिनी आशवान, मालती सोनी, पुष्पा बंजारे, दिनेश अघरिया, रमाशंकर पाण्डेय, गंगाप्रसाद तिवारी, आदर्श दहायत, भानू साहू, लवकांत यादव, श्यामलाल साहू, बिहारी यादव, छबिलाल उरांव, मनोज श्रीवास, दलजीत सिंह, रतन कंवर, गोंविद नायक, अनवर अली, दीनबधु महंत, महेन्द्र पटेल, सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

डीएवी एसईसीएल ने भारत को जानो प्रतियोगिता में बिखेरी चमक



कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छात्रों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, परंपराओं और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद द्वारा प्रतिष्ठित 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल के चार मेधावी छात्रों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुँच कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

जूनियर वर्ग में कक्षा 6 की समृद्धि राठौर और कक्षा 7 के आतिफ जहाँगीर ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, जबकि सीनियर वर्ग में कक्षा 11 के समृद्ध सक्सेना और कक्षा 9 के प्रांजल पवार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गर्व के क्षण में, हमारे सीनियर वर्ग की टीम ने राज्य स्तर पर शानदार तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्या डॉ. चेतना शर्मा ने छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने छात्रों को तैयार करने वाले शिक्षकों के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की।

अधिवक्ता संघ ने किया काम ठप, 3 दिन तक करेंगे विरोध



न्यायालयीन कार्यों का बहिष्कार करते अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

तहसीलदार हरदीबाजार का स्थानांतरण होने के बाद भी उन्हें कार्यमुक्त नहीं किए जाने से नाराज अधिवक्ता संघ हरदीबाजार ने आंदोलन का ऐलान किया है। संघ के अधिवक्ता 27 से 30 अक्टूबर तक न्यायालयीन कार्यों का बहिष्कार करते हुए न्यायालीन कार्य रहा ढप अधिवक्ता संघ ने तहसील कार्यालय परिसर में शांति पूर्ण धरने पर बैठे रहें, संघ के सदस्यों ने बताया की इस दौरान प्रशासन की ओर से मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा। बहिष्कार के तहत तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से संबंधित सभी राजस्व न्यायालयीन कार्यों में अधिवक्ता शामिल नहीं होंगे। संघ का कहना है कि तहसील कार्यालय में सुचारु कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि के दौरान प्रशासन की ओर से मांगों के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं की गई, तो 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी।

दीपका के श्रमवीर मैदान में धूमधाम से मना विजयदशमी

कोरबा। प्रगति नगर दीपका के श्रमवीर मैदान में विजयदशमी का महापर्व बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में पारंपरिक रूप से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महाप्रबंधक शरद कुमार तिवारी, जीएम माइनिंग नागेंद्र साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी और वरिष्ठ पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी 'दादा भाई' मंचासीन रहे। क्षेत्रीय महाप्रबंधक शरद कुमार तिवारी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी का महापर्व छत्तीसगढ़ में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

जनदर्शन में नागरिकों ने रखीं समस्याएं, कलेक्टर ने अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में स्वरोजगार, खसरों की गिरदावरी जांच, भूमि सीमांकन, त्रुटि सुधार, नक्शा कटवाने, राजस्व अभिलेखों की दुरुस्ती, शिकायतों




ग्रामीणों की समस्याएं सुनते कलेक्टर।

की जांच, मतदाता सूची में नाम की जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किश्तों के भुगतान एवं पात्रता जांच, पशु शेड निर्माण, अतिक्रमण हटाने, सड़क मरम्मत, राहत राशि, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, सड़क दुर्घटना बीमा लाभ तथा आजीविका संबंधी मांगों सहित कुल 109 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने और नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए प्रभावी पहल सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

रासेयो ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो रैली का किया आयोजन

कोरबा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर नशा मुक्त विकसित भारत बनाने के लिए कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोदग्राम भादा में रैली तथा जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ए के मिश्रा के मार्गदर्शन तथा रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी



के नेतृत्व में नशा मुक्ति मित्र बनकर स्वयंसेवकों ने ग्राम भादा का भ्रमण किया तथा जनआंदोलन के माध्यम से मादक द्रव्यों की लत से मुक्त कर स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए नशा छोड़ो जीवन जोड़ो रैली का आयोजन किया गया। युवाओं की नशे की लत छुड़ाने के लिए पारंपरिक खेलों का अभ्यास, नुक्कड़ नाटक, योग ध्यान व मेडिटेशन आदि प्रेरक माध्यमों से नशे की लत के दुष्प्रभावों तथा दुष्परिणामों की ओर युवाओं का ध्यान खींचते हुए नशे से बाहर निकालकर 2047 तक नशा मुक्त विकसित भारत बनाने की ओर अग्रेसित किया गया।

गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण, साइबर अपराध और महिलाओं के अधिकारों के प्रति छात्राओं को किया गया जागरूक

कन्या हाईस्कूल में सुरक्षित बचपन बचाओ अभियान के तहत जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के माननीय अध्यक्ष एवं सचिव के आदेशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 26 अक्टूबर को शासकीय कन्या हाईस्कूल कटघोरा में सुरक्षित बचपन बचाओ अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में न्यायाधीशों ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, बाल संरक्षण तथा विभिन्न अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश एवं



छात्राओं को सुरक्षित वातावरण का महत्व समझाते हुए विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष।

विशेष पॉक्सो न्यायालय कटघोरा की माननीय श्रीमती श्रद्धा शुक्ला तथा तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के माननीय श्री हेमंत कुमार रात्रे के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय की 65 छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती श्रद्धा शुक्ला ने अपने उद्बोधन में निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित बचपन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को गुड टच-बैड टच की पहचान, किसी भी अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने तथा ऐसी स्थिति में अपने अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में भी बताया। इसी क्रम में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार रात्रे ने छात्राओं को लैंगिक अपराधों, हिट एंड रन योजना, पीड़ितों को मिलने वाली क्षतिपूर्ति, महिलाओं के कानूनी अधिकार, साइबर अपराध, बाल श्रम तथा बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बच्चों को कानून के प्रति जागरूक रहने, ऑनलाइन गतिविधियों में सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध की स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण के महत्व से परिचित कराना तथा किसी भी प्रकार के शोषण, अपराध या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना रहा।

डीआईएसएचए के तहत निःशुल्क आवासीय नीट जेईई कोचिंग 2 नवंबर से

कोरबा। डीएमएफटी कोरबा की पहल डीआईएसएचए के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग 2 नवंबर से सी-पेट, स्याहीमुड़ी में शुरू होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी चयनित विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों के साथ 2 नवंबर को सुबह 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है। विद्यार्थियों को अपने साथ पहनने के कपड़े, दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं तथा वर्तमान में अध्ययनरत कक्षा की पाठ्यपुस्तकें लेकर आना होगा।

खबर संक्षेप

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के बेनर तले संचालित सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम) के प्रावधानों, बाल अधिकारों एवं शोषण से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरगा में अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कु. तृप्ती राघव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा छ0ग0 द्वारा विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों को मोबाईल के द्वारा ऑनलाईन अनजान लोगों से दोस्ती न करने व उनके अपने व्यक्तिगत जानकारी/फोटोग्राफ्स शेयर न करने एवं यदि कोई व्यक्ति निजी विडियों या फोटोग्राफ्स की मांग करें तो अपने घर में अपने बड़े परिवारजनों को जानकारी दे। कु. ग्रेसी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा छ0ग0 के द्वारा लैंगिक अपराधों की जानकारी देते हुए बताये कि यदि किसी बच्चे के साथ अपराध घटित होता है तो अपराध को छुपाने की कोशिश करता है या छुपाने को कहता है तो वह भी उस अपराध का भागीदार होगा।

फसल विविधीकरण को बढ़ावा दें, किसानों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें

कोरबा। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को बिलासपुर के मंथन सभागार में खरीफ 2026 की प्रगति और रबी 2026-27 के प्रस्तावित कार्यक्रम की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन के संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग के मैदानी अमले की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खरीफ फसल क्षेत्राच्छादन, फसल विविधीकरण, रबी पड़ती भूमि में अतिरिक्त खेती, ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कम करने, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) की प्राइस सपोर्ट स्कीम, वैकल्पिक पोषण प्रबंधन, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना तथा एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने किसानों को धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन सहित अन्य फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करने और समय-सीमा में पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

करियर पब्लिक स्कूल में अंतर-सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



कोरबा। करियर पब्लिक स्कूल में अंतर-सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के चार सदनों लीडर्स (नीला), कॉन्करर्स (लाल), अचीवर्स (हरा) और इनोवेटर्स (पीला) के बीच कक्षा 1 से 12वीं तक के बालक एवं बालिका वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए। सभी विद्यार्थियों ने जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लिया। फाइनल मुकाबले अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रहे, जिनमें दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 1-2 के बालक वर्ग में अचीवर्स ने प्रथम तथा लीडर्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में अचीवर्स विजेता और इनोवेटर्स उपविजेता रहा। कक्षा 3-5 के बालक वर्ग में अचीवर्स विजेता और लीडर्स उपविजेता रहा, वहीं बालिका वर्ग में कॉन्करर्स ने प्रथम तथा अचीवर्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में लीडर्स सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अचीवर्स एवं कॉन्करर्स सदन उपविजेता रहे। वहीं, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बालक वर्ग में कॉन्करर्स तथा बालिका वर्ग में अचीवर्स ने चैंपियनशिप अपने नाम किया जबकि दोनों वर्गों में लीडर्स उपविजेता रहा। प्रतियोगिता का सफल आयोजन विद्यालय के खेल विभाग एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

पृष्ठ 1 का शेष

बिजली कर्मियों...

लेखा वर्ष 2025-26 में 21 हजार रूपये से अधिक हैं और जिन्हें बोनस की पात्रता नहीं है तो ऐसे कर्मियों को उत्तरोत्तर दक्षता की वृद्धि की अपेक्षा में प्रोत्साहन स्वरूप एतद् द्वारा एकमुश्त अनुग्रह राशि 12 हजार रूपये स्वीकृत किया गया है।

डीईओ ने शिक्षक...

नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 के तहत ज्योति भूषण सिंह कंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इनका मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पोंड़ी उपरोड़ा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

234 बोरवेल रिचार्ज सैंड फिल्टर पिट का होगा निर्माण

जिले में पानी बचाने के लिए खर्च की जाएगी 1.32 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गिरते भूजल स्तर को नियंत्रित करने और वर्षा जल के संरक्षण एवं पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए 234 बोरवेल रिचार्ज सैंड फिल्टर पिट का निर्माण कराया जा रहा है। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के तहत इन कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ 32 लाख 97 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिले की 180 से अधिक ग्राम पंचायतों में संचालित इस पहल से जल संरक्षण के साथ ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

खास बात

- 180 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में होगा जल संरक्षण का काम

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। बोरवेल रिचार्ज सैंड फिल्टर पिट ऐसी संरचना है, जिसके माध्यम से वर्षा जल को रेत और अन्य फिल्टर सामग्री से छानकर जमीन के भीतर पहुंचाया जाता है। इससे भूजल पुनर्भरण में मदद मिलती है और बोरवेल सहित आसपास के जल स्त्रोतों के जलस्तर को बनाए रखने में सहायता मिल सकती है। शासकीय भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सामुदायिक भवनों में ऐसी संरचनाएं जल संरक्षण की दिशा में उपयोगी साबित हो सकती हैं। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के तहत स्वीकृत इन कार्यों के माध्यम से जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य के लिए भी जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में प्रयास करना है।



जहां पानी का संकट वहां सबसे कम रिचार्ज पिट

जिले का कटघोरा विकासखंड ड्राई जोन के रुप में अपनी पहचान बना चुका है। कटघोरा ब्लॉक के शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचलों में भी पानी का संकट बना हुआ है। जिससे निपटने के लिए कटघोरा ब्लॉक के ग्रामों में पीएचई विभाग की मल्टी विलेज योजना अंतर्गत पानी पहुंचाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। सबसे ज्यादा पानी का संकट झेलने वाले इस ब्लॉक में सबसे कम रिचार्ज पिट का निर्माण सवाल खड़ा करता है।

पांचों विकासखंडों में बनाए जा रहे रिचार्ज पिट

करतला	64 रिचार्ज पिट
कटघोरा	30 रिचार्ज पिट
कोरबा	66 रिचार्ज पिट
पाली	13 रिचार्ज पिट
पोड़ी उपरोड़ा	61 रिचार्ज पिट

सरगुजा से राजधानी रायपुर और हैदराबाद के लिए लोगों ने भरी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अब राजधानी और उसके आगे देश दुनिया का सफर संभाग वासियों के लिए आसान होगा। मंगलवार से सरगुजा से रायपुर के लिए सीधे हवाई सेवा की शुरुआत हो गई। रायपुर के लिए एलाइंस एयर कंपनी की 72 सीटर विमान ने उड़ान भरी। इस दौरान पहले दिन प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत 19 लोगों ने राजधानी तक का सफर किया जबकि 5 लोग रायपुर से अंबिकापुर आए। हालांकि उड़ान सेवा के पहले दिन ही एयरपोर्ट पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। तय समय से 5 मिनट पहले विमान उड़ने और पांच यात्रियों के छूट जाने को लेकर हंगामा हुआ। यात्रियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की जबकि उड़ान सेवा का शुभारंभ करने पहुंचे सरगुजा सांसद ने भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराने के साथ ही कंपनी के लोगों को जमकर फटकार लगाईं।

खास बात

- 5 एयरपोर्ट पहुंचकर छूटे

बता दें कि मंगलवार से सरगुजा में रायपुर और हैदराबाद के लिए उड़ान सुविधा की शुरुआत हुई। एलाइंस एयर कंपनी की 72 सीटर विमान हैदराबाद से जगदलपुर और फिर रायपुर होते हुए अंबिकापुर दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंची। पहले दिन रायपुर से विधायक प्रबोध मिंज समेत पांच यात्री पहुंचे जबकि अंबिकापुर से रायपुर के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत 19 यात्रियों ने उड़ान भरी। बड़ी बात यह है कि अंबिकापुर से रायपुर का किराया 21 सौ रूपए निर्धारित किया गया है जबकि टैक्स के साथ यह किराया लगभग 24 सौ रूपए है। सस्ते दाम पर हवाई सफर की सुविधा मिलने से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी बात यह है कि लोगों द्वारा लम्बे समय से रायपुर तक हवाई सेवा की मांग की जा रही थी जो अब पूर्ण हुई है। वर्तमान में लोगों को अंबिकापुर से दिल्ली की सुविधा मिल रही है। एलाइंस एयर कंपनी द्वारा विमान का संचालन किया जा रहा है और नए शेड्यूल के तहत विमान अब दिल्ली से बिलासपुर होते हुए अंबिकापुर आएगी लेकिन वापसी में विमान अंबिकापुर से सीधे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। रायपुर और हैदराबाद के लिए उड़ान सुविधा शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

गढ़कलेवा में अब मिलेगा बस्तर फ़ूड का प्राकृतिक स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक खानपान और प्राकृतिक उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की पहल के तहत कटघोरा का गढ़कलेवा अब नए आकर्षण के साथ लोगों के सामने है। यहां छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के साथ बस्तर के प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, पारंपरिक परिधान और पारंपरिक आभूषण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे गढ़ कलेवा न केवल खानपान, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का केंद्र भी बन रहा है।



ग्राहक को समान दिखाती हुई दुकानदार।

खास बात

- पारंपरिक परिधानों और आभूषणों की भी विशाल श्रृंखला

गढ़कलेवा में बस्तर के प्राकृतिक खाद्य उत्पादों में विशेष रूप से महुआ के लड्डू, महुआ कुकीज़, महुआ ग्रीन टी सहित अन्य उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं। प्राकृतिक सामग्री से तैयार इन उत्पादों के स्वाद और विशिष्टता को लोग पसंद कर रहे हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में गमछा, साड़ी तथा पारंपरिक आभूषणों की उपलब्धता भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। यहां गढ़ कलेवा का संचालन श्रीया स्व सहायता समूह के के द्वारा किया जा रहा है जिसकी अध्यक्ष नीलम सोनी ने बताया कि बस्तर के खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता, स्वाद और प्राकृतिक विशेषताएं उन्हें अन्य उत्पादों से अलग पहचान देती हैं। इन उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खाद्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ स्थानीय विरासत से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने बताया कि यहां उपलब्ध छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान और आभूषण भी लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। पारंपरिक खानपान के साथ लोकसंस्कृति से जुड़ी वस्तुओं की उपलब्धता से ग्राहकों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता एक ही जगह देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है।

अग्रिम राशि लेकर काम शुरु नहीं करने वाले सरपंच सचिव से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद और विधायक मद से स्कूल के आहाता निर्माण, छतदार मंच निर्माण, सीसी रोड जैसे कार्यों के लिए सांसद और विधायक मद से स्वीकृत की गई राशि का अग्रिम भुगतान लेकर काम शुरु नहीं करने वाले पांच ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों से अग्रिम राशि की वसूली के लिए जनपद पंचायत करतला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी कोरबा को पत्र लिखा है।

सांसद, विधायक मद से स्थानीय जनता की मांग पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा राशि स्वीकृत की जाती है। जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया जाता है। जिला सांख्यिकीय विभाग के द्वारा राशि का वितरण भी जनपद पंचायत को जारी कर दिया जाता है ताकि स्वीकृत किए गए निर्माण कार्य शुरु किए जा सके और इसके लिए अग्रिम राशि का भुगतान भी कर दिया जाता है लेकिन जनपद पंचायत कोरबा के पांच ग्राम पंचायत ऐसी है जिन्होंने सांसद, विधायक मद से स्वीकृत राशि का अग्रिम भुगतान लेने के बाद भी काम भी शुरु नहीं किया है। इनमें ग्राम पंचायत करतला के हाई स्कूल में छतदार मंच का निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इसी तरह ग्राम पंचायत केरवांद्वारी में हाईस्कूल में आहाता निर्माण के लिए 10 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इसी तरह ग्राम पंचायत बरपाली के सहकारी बैंक के सामने पेयजल की सुविधा हेतु फ्रीजर एवं शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत केरवांद्वारी में सीसी रोड निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। बांधापाली में सीसी रोड निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत नवापारा में सीसी रोड निर्माण के लिए ढाई लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत करतला के बस स्टैंड में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण हेतु 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में सीसीरोड निर्माण के लिए ढाई लाख रुपए स्वीकृत हुए थे।

खास बातें

- जनपद पंचायत सीईओ ने एसडीएम को लिखा पत्र
- मामला सांसद और विधायक निधि मद से स्वीकृत राशि का



फाइल फोटो

सरपंच सचिवों ने 22 लाख रुपए एडवांस में निकाले

जनपद पंचायत करतला के कुल 8 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिवों से लगभग 22 लाख रुपए की वसूली की जाएगी जिसके लिए धारा 92 के तहत कार्यवाही की जाएगी। निर्माण शुरु करने के लिए जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों को पत्र प्रेषित किया गया परंतु किसी तरह के भी रुचि नहीं लिए जाने के कारण बीते दो वर्ष से कार्य लंबित रहने के मामले को देखते हुए अंततः जनपद सीईओ ने अग्रिम राशि की वसूली के लिए कदम उठाया है।

चक्रवात के असर से निपटने खेत से लेकर बांध तक प्रशासन की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बंगाली की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान का जिले में पड़ने वाले असर को देखते हुए प्रशासन ने अपने स्तर पर खेत से लेकर बांध तक में अपनी पैनी नजर रखते हुए तैयारी शुरु कर दी है। दो दिन पूर्व ही किसानों को फसल को बचाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। मंगलवार की देर शाम बांगो बांध के गेट खोले जाने को लेकर भी निर्देश जारी कर दिये।

खास बात

- धान की खड़ी फसल पर चक्रवाती तूफान का मंडरा रहा खतरा

चक्रवाती तूफान का असर मंगलवार को सुबह से ही नजर आया। जब आसमान में बादल छाये रहे। जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदा बांदी सुबह 11 बजे के लगभग हुई। हालांकि इसका ज्यादा व्यापक स्तर पर नहीं हुआ लेकिन सुबह आसमान में बादल छाने से दिन में बारिश के कयास लगाए जा रहे थे। खेतों में तैयार हो रही धान के फसल की कटाई दीवाली बाद शुरु होगी। किसान इस बात से चिंतित है कि कहीं बारिश हुई तो खेतों में पानी भरने से खड़ी फसल खराब हो सकती है। इससे निपटने के लिए कृषि विभाग ने अपने स्तर पर किसानों के लिए सुरक्षात्मक उपाय के निर्देश दिए हैं। हालांकि 90 दिन में तैयार होने वाली धान की फसल कुछ क्षेत्रों में जरुर ली गई है जो इस समय पक कर तैयार हो गई है और कटाई का समय आ चुका है। सबसे बड़ा खतरा इस फसल पर छाया हुआ है।



फाइल फोटो

बांगो बांध खोले जा सकते हैं गेट

भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार 28 एवं 29 अक्टूबर को क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना है। इसे देखते हुए मिनीमाता बांगो बांध के जलस्तर के नियमन के लिए आवश्यकतानुसार बांध के गेट खोले जा सकते हैं। इससे हसदेव नदी के जलस्तर और जल प्रवाह में वृद्धि होने की संभावना है। मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्रमांक 3, माचाडोली ने नदी के तटीय एवं जल प्रवाह वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिक नदी के किनारों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें तथा नदी में उतरने, नहाने, मछली पकड़ने और अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचें। नदी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों, पशुपालकों और मछुआरों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने परिवार और पशुओं को नदी किनारे न जाने दें।

इमलीछापर-गेवरा रेलवे स्टेशन मार्ग स्ट्रीट लाइट से हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग से गेवरा रेलवे स्टेशन तक महत्वपूर्ण सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर सीएसआर मद से इस कार्य के लिए 1 करोड़ 89 लाख 99 हजार रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी। विद्युत यांत्रिकी विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य पूरा किया जा रहा है।

लगभग 5.55 किलोमीटर लंबे सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग तक स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इन मार्गों पर भारी वाहनों सहित बड़ी संख्या में अन्य वाहन लगातार आवागमन करते हैं। सड़क बनने के बाद रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती थी। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। स्ट्रीट लाइट शुरू होने से मार्ग पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था हुई है। इससे रात में आवागमन अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित होगा तथा वाहन चालकों को रास्ता देखने में मदद मिलेगी। क्षेत्रवासियों और इस मार्ग से नियमित गुजरने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।



श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने ली मज़बूत लोकतंत्र के निर्माण करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अडानी पॉवर लिमिटेड संयंत्र पताड़ी उरगा में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में युवा मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष अभियान में जोड़ने के लिए, ग्रामीण मतदाताओं का मतदाता सूची में पंजीकरण करने तथा उन्हें मतदान का महत्व बताने के लिए अडानी पॉवर प्लांट कम्युनिटी हॉल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री सिंह ने कहा कि जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम मे अडानी पॉवर लिमिटेड संयंत्र के अधिकारी मूला रवि ओएंडएम हेड, एमएस विश्वकर्मा ऑपरेशनल हेड, बृजेश द्विवेदी एम टी पी हेड, आशीष अनसिंगकर ऑपरेशंस, प्रवीण चंदवादकर सी एंड आई हेड, अंशुल गौरहा मैनेजर सीएसआर डिपार्टमेंट अडानी पॉवर लिमिटेड सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, श्रमिक उपस्थित थे। इस अवसर पर समीर कुमार मित्रा चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर अडानी पॉवर लिमिटेड ने सभी उपस्थितजनों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए अपना नाम तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अडानी पॉवर लिमिटेड के समीपस्थ सभी ग्रामीण क्षेत्रों, ग्रामों, हाट-बाजारों में संयंत्र की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।



शपथ दिलाते हुए नोडल अधिकारी।




शपथ-पत्र

मैं, **मद अशरफ कुरैशी** पिता मो. यासीन उम्र 45 वर्ष निवासी : कोना सराय, वार्ड नं. 40, बिहाशरीफ, जिला नालंदा (बिहार) वर्तमान पता : पुरानी बस्ती, रानी रोड, कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नानुसार कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर रहता हूँ, मेरा आधार कार्ड क्रमांक : 5621 3986 2368 है।
2. यह कि उपरोक्त आधार कार्ड एवं पैन कार्ड क्रमांकः DHTPK9297L में मेरा नाम **मद अशरफ कुरैशी** Md Ashraf Kuraishi दर्ज है। जो सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे इक्वाटॉस स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा कोरबा में खाता क्रमांकः 100042287588 में बिना सरनेम मेरा नाम **मद अशरफ** Md Ashraf दर्ज है।
4. यह कि **मद अशरफ कुरैशी** Md Ashraf Kuraishi एवं **मद अशरफ** Md Ashraf दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।
5. यह कि मेरे उपरोक्त खाता क्रमांकः 100042287588 में उपरोक्त आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम **मद अशरफ कुरैशी** Md Ashraf Kuraishi दर्ज करने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित किया गया है। इस संबंध में किसी भी विवाद पर समस्त जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
6. यह कि यह शपथ पत्र संबंधित बैंक एवं विभाग में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित किया गया है।

शपथकर्ता
मद अशरफ कुरैशी

खबर संक्षेप



योगेश को मिला उत्कृष्ट युवा जिला प्रतिनिधि का प्रथम पुरस्कार

कोरबा। मानवता, जीव दया और आत्म पूजा के पुनीत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यरत 'सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन' का तृतीय वार्षिक अधिवेशन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित हुआ। जिसमें देशभर से आए संत महंत, प्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवाभावी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में कोरबा जिले के ग्राम टिमनभौना निवासी योगेश दास को उनके निःस्वार्थ सेवा भाव, निरंतर समर्पण, युवाओं में सदगुरू कबीर साहेब के विचारों को जागृत करने और मिशन के कार्यों को धरातल पर सशक्त रूप से आगे बढ़ाने हेतु 'उत्कृष्ट युवा जिला प्रतिनिधि' के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मासूम गुप्ता ने एमबीए फाइनेंस एवं एचआर में हासिल किया गोल्ड मेडल



कोरबा। जमनीपाली निवासी मासूम गुप्ता ने एमबीए की पढ़ाई में फाइनेंस (वित्त) एवं एचआर (मानव संसाधन) के क्षेत्र में गोल्ड मेडल प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से गोल्ड मेडल प्राप्त कर उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। मासूम गुप्ता जमनीपाली सिंघला ट्रेडर्स के संचालक शशि कुमार गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता के सुपुत्र हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ दर्जी अग्रवाल समाज का भी नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवारजनों, समाज के सदस्यों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। 26 अक्टूबर को रायपुर स्थित पंडित दिनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आईटीएम युनिवर्सिटी के कुल 16 छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया, वहीं शेष छात्रों को डिग्री प्रदान किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ ने आईटीआई में दिया एक दिवसीय धरना

ऑटो, चार पहिया वाहन बुक कर पहुंचे धरना में शामिल होने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नियमितिकरण की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच द्वारा दिये गये धरना में शामिल होने जिले के दूर दराज क्षेत्र से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपने अपने क्षेत्रों से ऑटो और चार पहिया वाहन बुक कर पहुंचे। जिससे आईटीआई चौक में दिनभर गहमा गहमी का माहौल बना रहा।

खास बात

- बंद रहे आंगनबाड़ी केन्द्र, नहीं बटा पूरक पोषण आहार



आईटीआई चौक पर धरना प्रदर्शन करतीं आंबा कार्यकर्ता व सहायिका।

शहर के सबसे व्यवस्तम चौकों में से एक आईटीआई तानसेन चौक में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संयुक्त मंच द्वारा दिये गए धरने में जिले के पांचों विकासखंड में संचालित दस परियोजनाओं के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बड़ी संख्या में शामिल हुए। एक दिवसीय हड़ताल व धरने की सूचना एक सप्ताह पहले ही जिला कार्यालय को प्रेषित कर दी गई थी। मंगलवार को नियमितिकरण सहित चार अन्य मांगों को लेकर प्रदेशभर के कार्यकर्ता, सहायिकाओं के हड़ताल में शामिल होने से दिनभर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिये जाने वाले पूरक पोषण आहार का वितरण कई केंद्रों में प्रभावित हुआ। दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों में तो आंगनबाड़ी केंद्र खुले ही नहीं। हड़ताल की तैयारी की सूचना पहले से ही होने के कारण ग्रामीण अंचलों के अभिभावकों ने अपने बच्चों को केंद्र नहीं भेजा। जिले के आईटीआई चौक में संघ के द्वारा दिए गए धरने में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सहायिकाओं के पहुंचने से गहमा गहमी का माहौल रहा। दिन भर धरना देने के बाद संघ के द्वारा दोपहर बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

ये हैं मांगे

0 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का नियमितिकरण किया जाए एवं श्रम कानून के तहत 30 हजार रुपए कार्यकर्ता तथा 25 हजार 500 रुपए प्रतिमाह सहायिकाओं को भुगतान किया जाए।
0 कार्यकर्ता को पर्यवेक्षक के पद पर तथा सहायिका को कार्यकर्ता के पद पर सीधा पदोन्नत बिना उम्र बाधा के वरिष्ठता क्रम में किया जाए।
0 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को समूह बीमा पेंशन ग्रेच्युटी एवं पीएफ का लाभ दिया जाए।
0 आकास्मिक मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति एवं सेवानिवृत पर 5 लाख रुपए एवं 3 लाख रुपए का तत्काल भुगतान किया जाए।
0 मध्यप्रदेश के तर्ज पर कार्यकर्ता, सहायिकाओं को प्रतिवर्ष एक हजार रुपए मानदेय में वृद्धि किया जाए।

नूर सुजुकी शोरुम का शुभारंभ आज



कोरबा। प्रतिष्ठित एजेंसी नूर सुजुकी के नये शोरुम का उद्घाटन पावर हाउस रोड में किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर कौशिल्या देवी विष्णु देव साय, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजूदेवी राजपूत, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, शुकंतला कंवर, विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल, जिपं अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, गोपाल मोदी, संदीप कंवर आदि उपस्थित रहेंगे। शोरुम के संचालक हाजी इरफान नूर आरबी एवं हाजी नूर मोहम्मद आरबी, नवाज नूर आरबी संचालक नूर हीरो एजेंसी सरगबुंदिया तथा नियाज नूर आरबी संचालक होंडा एजेंसी उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

कोल इंडिया बोर्ड की बैठक कल, दूसरी अंतरिम डिविडेंड पर हो सकता है फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के निवेशकों की नजर 29 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड बैठक पर टिकी है। बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों पर विचार किया जायेगा। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए दूसरी अंतरिम डिविडेंड घोषित करने के प्रस्ताव पर भी विचार संभव है।

खास बात

- बैठक में दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय नतीजों पर होगा विचार

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गयी सूचना में बोर्ड बैठक की जानकारी दी है। हालांकि दूसरी अंतरिम डिविडेंड की राशि और रिकॉर्ड डेट को लेकर अभी कोई घोषणा नहीं की गयी है। कंपनी की ओर से दी गयी सूचना के अनुसार बोर्ड 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष की पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की समीक्षा करेगा। इसमें कंपनी के स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड, दोनों तरह के नतीजे शामिल होंगे। बोर्ड के समक्ष पेश किये जाने से पहले वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमेटी समीक्षा करेगी। इन नतीजों से कंपनी के राजस्व, मुनाफे और परिचालन प्रदर्शन की स्थिति स्पष्ट होगी। निवेशकों को भी कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन का आंकलन करने का मौका मिलेगा। कोल इंडिया ने इससे पहले जुलाई 2026 में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 5.50 रुपये प्रति शेयर की पहली अंतरिम डिविडेंड घोषित की थी। अब 29 अक्टूबर की बैठक में दूसरी अंतरिम डिविडेंड के प्रस्ताव पर संभावित विचार को लेकर निवेशकों की नजर रहेगी। हालांकि डिविडेंड की घोषणा और उसकी राशि का फैसला बोर्ड की बैठक के बाद ही स्पष्ट होगा।

मानसून के असर पर भी रहेगी नजर

वित्तीय नतीजों में मानसून के दौरान कोयला उत्पादन और डिस्पैच पर पड़े असर को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निवेशक यह देखेंगे कि इस अवधि में कंपनी के राजस्व, मुनाफे और परिचालन प्रदर्शन में कितना बदलाव आया है। दूसरी अंतरिम डिविडेंड की राशि और रिकॉर्ड डेट के बारे में कंपनी की ओर से आगे जारी होने वाली आधिकारिक सूचना महत्वपूर्ण होगी।



